Roll No. 26613

205981172

Total Printed Pages : 8 | Total Questions : 23

Time : 3 Hours | Maximum Marks : 80

हायर सेकेण्डरी परीक्षा / Higher Secondary Examination

(मुख्य / Main) वर्ष / Year - 2026

**263508**

**D**

SET / सेट

# हिन्दी

# HINDI

www.rajeshsir.co.in

---

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

1 **रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए :** 1×6=6

(i) दिशाओं को ________ की तरह बजाते हुए।
(ढोल / मृदंग)

(ii) जिन छंदों में वर्णों की गणना की जाती है, वे ________ छंद कहलाते हैं।
(वर्णिक / मात्रिक)

(iii) बाजार का जादू ________ की राह काम करता है।
(आँख / कान)

(iv) ऐसे शब्द जो क्षेत्र विशेष में बोले जाते हैं ________ शब्द कहलाते हैं।
(निपात / क्षेत्रीय)

(v) सौंदलगेकर मास्टर ________ पढ़ाने आते थे।
(मराठी / हिन्दी)

(vi) कविता की अनजानी दुनिया का सबसे पहला उपकरण ________ है।
(वाक्य / शब्द)

2 **निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कर लिखिएः** 1×6=6

(i) कविता एक खिलना है फूलों के बहाने।

(ii) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले साधन अलंकार कहलाते हैं।

(iii) इंदर सेना का दूसरा नाम मेंढक मंडली था।

(iv) शब्द–शक्ति दो प्रकार की होती है।

(v) सिन्धु घाटी सभ्यता मूलतः खेतिहर और पशुपालक सभ्यता थी।

(vi) किसी खास विषय पर सामान्य लेखन से हटकर किया गया लेखन विशेष लेखन कहलाता है।

3 **सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** 1×7=7

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| (i) कैमरे में बंद अपाहिज | (क) वीर रस |
| (ii) ओज गुण | (ख) फणीश्वरनाथ रेणु |
| (iii) सिल का रंग | (ग) तीन |
| (iv) पहलवान की ढोलक | (घ) रघुवीर सहाय |
| (v) रचना के आधार पर वाक्य | (ङ) मनोहर श्याम जोशी |
| (vi) सिल्वर वेडिंग | (च) दृश्य काव्य |
| (vii) नाटक | (छ) काला |

**4** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :** **1×7=7**

(i) विप्लव के वीर किसे कहा गया है?

(ii) जिन काव्य के छंदों का पूर्वापर संबंध न हो, उसे क्या कहते हैं?

(iii) तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना किस भाषा में की है? संस्कृत मे

(iv) उषा का जादू कब टूटता है?

(v) निरर्थक शब्द युग्म का कोई एक उदाहरण लिखिए।

(vi) आनंद यादव का मन किस बात के लिए तड़पता था? पाठशाला जाने के लिए

(vii) नाटक का सबसे सशक्त माध्यम क्या है?

**5** **निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए :** **1×6=6**

**(i) कवि भार लिए फिरता है –**

(अ) सुख–दुख का (ब) जग–जीवन का

(स) निज उर का (द) यौबन का

**(ii) निम्नलिखित में से रस को 'रसराज' कहा गया है –**

(अ) करुण रस (ब) भक्ति

(स) शृंगार (द) वात्सल्य

**(iii) भक्तिन रहने वाली थी –**

(अ) झाँसी की (ब) झूँसी की

(स) झुंझुनू की (द) झालावाड़ की

**(iv) कहानी का केन्द्रीय बिंदु होता है –**

(अ) कथानक (ब) पात्र

(स) संवाद (द) भाषा

**(v) सिल्वर वेडिंग कहानी के नायक का नाम था –**

(अ) यशोधर बाबू (ब) कृष्णानंद पाण्डे

(स) भूषण (द) चड्ढा

**(vi) रेडियो नाटक में नहीं होते हैं –**

(अ) संवाद (ब) पात्र

(स) ध्वनि (द) दृश्य

www.rajeshsir.co.in

6 शांत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

**अथवा**

सोरठा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

7 संदेह अलंकार और भ्रांतिमान अलंकार में कोई दो अंतर लिखिए। 2

**अथवा**

महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए।

8 'पानी दे गुड़ धानी दे' मेघों से पानी के साथ–साथ गुड़धानी की माँग क्यों की जा रही है? 2

**अथवा**

लेखक के मत से 'दासता' की व्यापक परिभाषा क्या है?

9 आत्मकथा एवं जीवनी में कोई दो अंतर लिखिए। 2

**अथवा**

उपन्यास एवं कहानी में कोई दो अंतर लिखिए।

10 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 2

(i) उसके पास केवल मात्र दो सौ रुपये हैं।

(ii) उपरोक्त कथन सत्य है।

**अथवा**

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –

(i) वह मेरा मित्र है। (बिना भाव बदले निषेधात्मक)

(ii) आलसी व्यक्ति उन्नति नहीं कर सकता। (मिश्रित वाक्य)

11 अभिधा शब्द शक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

**अथवा**

निपात शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

www.rajeshsir.co.in
205981722 205981722 205981722 205981722

12 यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढ़ल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों? 2

**अथवा**

स्वयं कविता रच लेने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ?

13 मुद्रित माध्यमों में लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य प्रमुख बातें कौन सी हैं? 2

**अथवा**

कविता क्या है? लिखिए।

14 छायावाद की दो विशेषताएँ एवं दो कवियों के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

प्रयोगवाद की दो विशेषताएँ एवं दो कवियों के नाम लिखिए।

15 भाषा को सहूलियत से बरतने का क्या अभिप्राय है? 2

**अथवा**

छोटे चौकोने खेत को कागज का पन्ना कहने में क्या अर्थ निहित है?

16 महादेवी वर्मा **अथवा** हजारीप्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए : 3

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

17 भाव विस्तार कीजिए : 3

'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।'

**अथवा**

परीक्षा की तैयारी पर दो मित्रों के बीच सम्भावित काल्पनिक संवाद लिखिए।

www.rajeshsir.co.in

18 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+1+1=3

वर्तमान युग संघर्ष और प्रतिस्पर्धा का है। मानव जीवन में सुख और सन्तोष में जो गिरावट आयी है, उससे परस्पर मानव व्यवहारों में असंतुलन दिखायी देता है। जीवन स्तर को उन्नत करने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है। नैतिक और सामाजिक मूल्य पतित हो रहे हैं। भोजन, वस्त्र, आवास जैसी बुनियादी सुविधाएँ दूभर हो रही हैं। व्यक्ति अपने स्वार्थ की सीमाओं में ही कैद हो गया है।

**प्रश्न :**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) वर्तमान युग में किन मूल्यों के पतित होने की बात कही गयी है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**अथवा**

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

तुम हो धरती के पुत्र न हिम्मत हारो,
श्रम की पूँजी से अपना काज सँवारो।
श्रम की सीपी में ही वैभव पलता है,
तब स्वाभिमान का दीप स्वयं ही जलता है।
मिट जाता है दैन्य स्वयं क्षण में,
छा जाती है नव दीप्ति धरा के कण में।
जागो, जागो श्रम से नाता तुम जोड़ो,
पथ चुनो कर्म का, आलस भाव तुम छोड़ो।

**प्रश्न :**

(i) प्रस्तुत काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) कवि ने किस पूँजी से अपने बिगड़े कार्य सँवारने की बात कही है?

(iii) प्रस्तुत काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

19 हरिवंशराय बच्चन **अथवा** रघुवीर सहाय का काव्यगत परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – 3

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

**20** निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – **1+1+1+1=4**

पैसा पावर है। पर उसके सबूत में आस–पास माल–टाल न जमा हो तो क्या वह खाक पावर है! पैसे को देखने के लिए बैंक–हिसाब देखिए, पर माल–असबाब मकान–कोठी तो अनदेखे भी दीखते हैं। पैसे की उस 'पर्चेजिंग पावर' के प्रयोग में ही पावर का रस है।

**अथवा**

पहलवान की ढोलक - फणीश्वरनाथ रेणु

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात–ठंडी और काली मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर–थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस–फूस की झोपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य! अँधेरा और निस्तब्धता! अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी।

**21** नगर निगम के निगमायुक्त को नियमित जल आपूर्ति करवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। **1+1+1+1=4**

**अथवा**

अपने बड़े भाई की शादी में आने के लिए अपने मित्र को आमन्त्रण पत्र लिखिए।

**22** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए: **1+3=4**

(i) राष्ट्रीय एकता और अखण्डता

(ii) पर्यावरण की सुरक्षा

(iii) साहित्य और समाज

(iv) महँगाई की समस्या

(v) अंतरिक्ष की ओर भारत के बढ़ते कदम

www.rajeshsir.co.in

23 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ, प्रसंग एवं काव्य सौंदर्य सहित भावार्थ लिखिए– 1+1+1+1=4

पतंगों के साथ–साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे
अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं
पृथ्वी और भी तेज घूमती हुई आती है
उनके बैचेन पैरों के पास।

**अथवा**

आँगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे दे के कह रही है माँ
देख आइने में चाँद उतर आया है

2059817 2 2059817 2 2059817 2 2059817 2
www.rajeshsir.co.in